सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

साधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

संख्या - 28 राँची, बुधवार 3 कार्तिक, 1937 (श०) / 25 अक्टूबर, 2017 (ई०)

विषय-सूची

पृष्ठ

भाग 1–नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य वैयक्तिक सूचनाएँ। 852-909

भाग 1–क–स्वयंसेवक गुरुओं के समादेष्टाओं के आदेश ।

भाग 1–ख--मैट्रिकुलेसन,आई.ए.,आई.एस-सी., बी.ए, बी.एस.सी.,एम.ए.,एम.ए.सी., लॉ भाग1 और 2, एम.बी.बी.एस.,बी.सी.ई.,डिप०-इन-एड., मुख्तारी परीक्षाओं के परीक्षाफल, कार्यक्रम छात्रवृत्ति प्रदान आदि।

भाग 1-ग–शिक्षा संबंधी सूचनाएँ, परीक्षाफल आदि।

भाग-2–झारखण्ड राज्यपाल और कार्याध्यक्षो द्वारा

भाग-2–झारखण्ड राज्यपाल और कार्याध्यक्षो द्वारा निकले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएँ एवं नियम आदि ।

भाग 3–भारत सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और उच्च न्यायालय के आदेश, अधिसूचनाएं और नियम 'भारत गज़ट' और राज्य गज़टों से उद्धरण।

पृष्ठ

भाग-4–झारखण्ड अधिनियम

भाग-5–झारखण्ड विधान-सभा में पुरःअस्थापित विधेयक, उक्त विधान-मंडल में उप-स्थापित या उपस्थापित किए जानेवाले प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और उक्त विधान-मंडल में पुरःस्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक ।

भाग-7–संसद के अधिनियम जिन पर राष्ट्रपति एम.एस.और की अनुमति मिल चुकी है ।

भाग-8- भारत की संसद में पुरःस्थापित विधेयक, संसद में उपस्थित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में पुरःस्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।

भाग-9- विज्ञापन ---

भाग-9-क–वन विभाग की नीलामी संबंधी सूचनाएं

भाग-9-ख–निविदा सूचनाएँ, परिवहन सूचनाएँ, न्यायालय सूचनाएँ और सर्वसाधारण सूचनाएँ इत्यादि।

पूरक-- ... ...

पूरक "अ" ... ...

भाग 1

नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य वैयक्तिक सूचनाएँ

झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

18 सितम्बर, 2017

संख्या- वि०स०वि०-19/2017- 2001 / वि०स० -- झारखण्ड विधान सभा की अधिसूचना संख्या- वि०स०वि०-19/2017-1792, दिनाक 22 अगस्त, 2017 के क्रम में सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा की दशम (मानसून) सत्र में दिनाक 11 अगस्त, 2017 को पारित प्रस्ताव के आलोक में माननीय अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा ने "झारखण्ड चिकित्सा सेवा से संबद्ध व्यक्तियों, चिकित्सा सेवा संस्थान (हिंसा एवं संपत्ति नुकसान निवारण) विधेयक, 2017" पर विचार के लिए झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-72 के अधीन गठित प्रवर समिति का कार्यकाल दिनाक 30 नवम्बर, 2017 तक विस्तारित किया जाता है |

अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा के आदेश से,

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,

झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

11 अगस्त, 2017 ई०।

संख्या-वि०स०वि०-13/2017- 2450 /वि०स०-- निम्नलिखित विधेयक जो झारखण्ड विधान-सभा में दिनांक 11 अगस्त, 2017 को पुरःस्थापति हुआ था, झारखण्ड विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-68 के अन्तर्गत उद्देश्य और हेतु सहित प्रकाशित किया जाता है ।

विधेयक के भार साधक सदस्य के नाम के साथ जैसा कि विधेयक के अन्त में दिखलाया गया है और इसके बाद लकीर देकर झारखण्ड विधान-सभा के सचिव के नाम के साथ जैसा संलग्न प्रति में दिया हुआ है । प्रकाशित करें ।

ह०/-

बिनय कुमार सिंह,

प्रभारी सचिव

झारखण्ड विधान-सभा,राँची।

[वि०स०वि०-11/2017]

ऊर्जा विभाग

झारखण्ड लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक, 2017

झारखण्ड राज्य में लिफ्टों और एस्केलेटरों तथा उनसे संबद्ध सभी मशीनरी और उपकरणों के निर्माण, अधिष्ठापन, रखरखाव तथा निरापद कार्य प्रणाली को विनियमित करने के लिए एक विधेयक ।

यह भारत-गणराज्य के सड़सठवें वर्ष में झारखण्ड राज्य विधानमंडल द्वारा अधिनियमित हो:-

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ

1) यह अधिनियम झारखण्ड लिफ्ट एवं एस्केलेटर अधिनियम, 2017 कहलायेगा ।

2) इसका विस्तार संपूर्ण झारखण्ड राज्य में होगा ।

3) यह सरकार द्वारा राजपत्र में निर्गत अधिसूचना में यथा नियत तारीख से प्रवृत होगा ।

2. परिभाषाएँ:- जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित नहीं हो, तब तक इस अधिनियम में:-

क) "स्वचालित बचाव प्रणाली" से अभिप्रेत है, ऐसी प्रणाली जिसमें यदि भवन में बिजली चली जाती है तो लिफ्ट अपने निकटतम सतह पर रूक कर खुल जायेगा;

ख) "एस्केलेटर" से अभिप्रेत है सवारियों को ऊपर या नीचे ले जाने या ले आने के लिए बिजली पर निरंतर चलने वाली सीढ़ी;

ग) "सरकार" से अभिप्रेत है झारखण्ड राज्य सरकार;

घ) "निरीक्षक" से अभिप्रेत है विद्युत अधिनियम, 2003 (केन्द्रीय अधिनियम 36,2003) की धारा-162 की उपधारा-(1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त वह विद्युत निरीक्षक, जिसकी अधिकारिता में वह लिफ्ट या एस्केलेटर अधिष्ठापन स्थल आता है;

ड0) "लिफ्ट" से अभिप्रेत है, बिजली से चलने वाली ऊपर या नीचे ले जाने या ले आने के लिए पिंजरानुमा यंत्र प्रणाली, वास्तव में जिसका उपयोग सवारी या माल या दोंनों को ढोने के लिए किया जाता है;

च) "लिफ्ट पिंजरा" से अभिप्रेत है लिफ्ट का कार या पिंजरा जिसका उपयोग सवारी या माल या दोनों के परिवहन के लिए किया जाता है;

छ) "लिफ्ट अधिष्ठापन" में शामिल है लिफ्ट पिंजरा, लिफ्ट मार्ग, लिफ्ट मार्ग का घेरा एवं लिफ्ट परिचालन की यांत्रिक प्रणाली तथा रज्जु, केबल, तार, सुरक्षा उपबंध तथा लिफ्ट परिचालन से संबंधित यंत्र एवं मशीनरी;

ज) "लिफ्ट मार्ग" से अभिप्रेत है, धूरा या हविश जिसमें लिफ्ट पिंजरा आता जाता है;

झ) "लिफ्ट मार्ग घेरा" में शामिल है लिफ्ट मार्ग के चारों ओर या बंद करने के लिए वास्तविक संरचना;

ञ) "मालिक" से अभिप्रेत हैं सोसाईटी या संगम या संपूर्ण परिसर या उसके किसी भाग के मालिक या अधिभोगी या अभिधारी जिसने निबंधन के लिए आवेदन किया है;

ट) "सवारी" से अभिप्रेत है, कोई व्यक्ति जो अपने परिवहन के प्रयोजनार्थ लिफ्ट या एस्केलेटर का उपयोग करता है;

स्पष्टीकरण:- इस खण्ड के प्रयोजनार्थ लिफ्ट प्रचालक भी सवारी माना जायेगा ।

ठ) "बिजली" में विद्युत, जल विद्युत, पवन विद्युत या यांत्रिकी विद्युत आदि अथवा इनका कोई संयोजन शामिल है;

ड) "परिसर" से अभिप्रेत है, कोई संरचना चाहे वह स्थायी हो अथवा अस्थायी और जहाँ लिफ्ट या एस्केलेटर अधिष्ठापित किया गया है;

ढ) "विहित" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा विहित;

ण) "निबंधन" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम की धारा-4 के अधीन निरीक्षक द्वारा लिफ्ट या एस्केलेटर की संख्या नियत करना;

त) "धारा" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम की धारा;

थ) "राज्य" से अभिप्रेत है, झारखण्ड राज्य ;

3. पदाधिकारियों और पदधारियों की नियुक्ति:-

1) सरकार द्वारा सौंपे गये कृत्यों के निष्पादनार्थ या इस अधिनियम के अधीन राजपत्र में अधिसूचना द्वारा एक मुख्य विद्युत निरीक्षक और यथा आवश्यक निरीक्षकों, अन्य पदाधिकारियों एवं पदधारियों की नियुक्ति करेगी, जो यथा विहित अर्हता रखते हों;

2) मुख्य विद्युत निरीक्षक राज्य के निरीक्षकों और अन्य पदाधिकारियों एवं पदधारियों पर आम अधिक्षण एवं नियंत्रण रखेगा और इस अधिनियम के प्रयोजनों को पूरा करने के लिए आवश्यक निदेश निर्गत करेगा;

4. निबंधन

1) लिफ्ट या एस्केलेटर के अधिष्ठापन के पश्चात उसका मालिक एक माह के भीतर ऐसी लिफ्ट या एस्केलेटर के निबंधन हेतु यथा विहित शुल्क के साथ विहित फारम में आवेदन करेगा । शुल्क अप्रतिदेय होगा;

2) सभी तरह से पूर्ण आवेदन प्राप्त होने पर निरीक्षक 30 दिनों के भीतर लिफ्ट या एस्केलेटर की संख्या नीयत करते हुए इन्हें निबंधित करेगा;

3) लिफ्ट या एस्केलेटर का प्रत्येक मालिक लिफ्ट या एस्केलेटर के निर्बाध एवं निरापद संचालन हेतु किसी लिफ्ट या एस्केलेटर रख-रखाव कम्पनी द्वारा की गई संविदा या व्यवस्था को प्रमाण स्वरूप देते हुए लिफ्ट या एस्केलेटर के वार्षिक रख-रखाव की संविदा या की गई कोई अन्य व्यवस्था की प्रति प्रत्येक वर्ष निरीक्षक को देगा ।

4) लिफ्ट या एस्केलेटर का प्रत्येक मालिक लिफ्ट या एस्केलेटर के निर्बाध एवं निरापद संचालन के लिए यथा विहित फारम में एवं रीति से सभी वार्षिक सुरक्षा प्रमाण पत्र देगा;

5. स्वचालित बचाव प्रणाली:-

बिजली चली जाने की दशा में लिफ्ट में फंसे सवारियों को बचाने हेतु उसका मालिक स्वचालित बचाव प्रणाली की व्यवस्था करेगा, जिसमें लिफ्ट अपने निकटतम सतह पर आकर रूकेगा तथा उसका दरवाजा खुल जायेगा ।

6. वैकल्पिक बिजली आपूर्ति प्रणाली:-

बिजली चली जाने की दशा में लिफ्ट का कार्य करना सुनिश्चित करने के लिए मालिक 30 सेकेंड के भीतर वैकल्पिक स्वचालित बिजली आपूर्ति प्रणाली की व्यवस्था करेगा ।

7. निरीक्षण:-

निरीक्षक या सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी पदाधिकारी या अभिकरण द्वारा निबंधित प्रत्येक लिफ्ट या एस्केलेटर का निरीक्षण तीन वर्षों में एक बार किया जायेगा । ऐसे निरीक्षण के लिए किसी अन्य विद्युत अधिष्ठापन जाँच शुल्क के अतिरिक्त विहित शुल्क लिया जायेगा ।

8. व्यवहार संहिता:-

1) इस अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय इस अधिनियम के प्रयजनों को पूरा करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो की सुसंगत व्यवहार संहिता, यदि कोई हो का पालन किया जायेगा, (जिसमें राष्ट्रीय भवन संहिता और राष्ट्रीय विद्युत संहिता भी शामिल है) तथा कोई असंगति पायी जाने की दशा में इस अधिनियम या एतदधीन बनाये गये नियमों के उपबंध अभिभावी होगा;

2) प्रयुक्त सामग्री एवं उपकरण संबंधित भारतीय मानक ब्यूरो के विनिर्देश से संपूष्ट होंगे, जहाँ ऐसे विनिर्देश पहले ही अधिकथित हैं;

3) परिसरों में अधिष्ठापित किये जाने वाले लिफ्टों या एस्केलेटरों की संख्या और उनके बीच की परस्पर दूरी भारतीय मानक ब्यूरो एवं राष्ट्रीय भवन संहिता की सुसंगत व्यवहार संहिता से शासित होंगे;

9. विद्यमान लिफ्टों या एस्केलेटरों का निबंधन:-

1) धारा-4 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी ऐसा प्रत्येक मालिक जिसने इस अधिनियम के प्रारंभ होने की तारिख से पुर्व परिसरों में लिफ्ट या एस्केलेटर का अधिष्ठापन किया है वह इसके प्रभावी होने के दो माह की अवधि के भीतर ऐसे लिफ्ट या एस्केलेटर के निबंधन के लिए आवेदन करेगा;

2) ऐसे आवेदन पर धारा-4 की उपधारा-(2), (3) एवं (4) के उपबंध लागू होंगे;

10. निरीक्षण के लिए किसी भवन में प्रवेश करने का अधिकार:-

कोई निरीक्षक सभी उपयुक्त समय में सरकारी सेवा में रहने वाले किसी सहायक, यदि कोई हो, के साथ जैसा वह उचित समझे, किसी ऐसे परिसर में जिसमें लिफ्ट या एस्केलेटर अधिष्ठापित किये गये

हैं अथवा जिनके निबंधन के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं लिफ्ट या एस्केलेटर या उनके अधिष्ठापन या उनके कार्यस्थल के निरीक्षण के लिए प्रवेश कर सकते है ।

11. असुरक्षित अवस्था वाले लिफ्ट या एस्केलेटर:-

धारा-7 के अधीन निरीक्षण करने के उपरांत यदि निरीक्षक यह पाता है कि किसी भवन का कोई लिफ्ट या एस्केलेटर असुरक्षित अवस्था में है, तो वह ऐसे मालिक को विनिर्दिष्ट समय के भीतर ऐसे लिफ्टों या एस्केलेटरों की यथा आवश्यक मरम्मत या परिवर्तन कराने का निदेश दे सकता है अथवा वह उसका उपयोग तब तक रोक सकता है, जबतक कि उसका समाधान न हो जाय कि ऐसी मरम्मत या परिवर्तन करा लिये गये हैं या असुरक्षित अवस्था दूर कर ली गई है ।

12. सील करना:-

1) कोई लिफ्ट या एस्केलेटर जिसके संबंध में धारा-11 के अधीन कोई निर्देश निर्गत किया गया है, उसका निरीक्षक के समाधान होने तक पालन नहीं किया गया है, ऐसे लिफ्ट या एस्केलेटर को यदि उसी अवस्था में चलता हुआ पाया जाता है, तो निरीक्षक द्वारा उसे सील करने का आदेश दिया जा सकता है;

2) उपधारा-(1) के अधीन किये गये आदेश के विरूद्ध कोई अपील मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड के पास की जायेगी और उनका निर्णय अंतिम होगा;

13. बीमा:-

ऐसे लिफ्ट या एस्केलेटर का अधिष्ठापन पूरा होने के पश्चात मालिक को तृतीय पक्ष बीमा सुनिश्चित करना बाध्यकारी होगा ताकि उसका उपयोग करने वाले सवारियों का जोखिम आच्छादित हो सके ।

14. कर्मपुस्ती और प्रतिवेदन:-

1) मालिक प्रत्येक लिफ्ट या एस्केलेटर के लिए कर्मपुस्ती संधारित करेगा तथा उसमें परिचालन ठप हो जाना (विद्युत आपूर्ति चली जाने से भिन्न) और दुर्घटना, यदि कोई हो, तो दर्ज करेगा । इस कर्मपुस्ती का निरीक्षण निरीक्षक द्वारा जब और जैसे चाहें किया जा सकता है;

2) जब कभी किसी ऐसे लिफ्ट या एस्केलेटर के परिचालन पद्धति में कोई दुर्घटना के कारण किसी व्यक्ति को क्षति होती है, तो मालिक 24 घंटे के भीतर दुर्घटना का पूरा ब्यौरा ऐसे लिफ्ट या एस्केलेटर

के लिए कार्य करने वाले निरीक्षक को यथा विहित फारम में देगा और निरीक्षक की लिखित अनुमति के बिना इसे पुनः चालु नहीं करेगा;

15. समवर्ती दायित्व:-

ऐसे लिफ्ट या एस्केलेटर के किसी सुरक्षा उपबंध के ठीक से कार्य नहीं करने के चलते दुर्घटना होने की दशा में यथास्थिति, लिफ्ट या एस्केलेटर अधिष्ठापन या रख-रखाव कम्पनी पर भी अभियोजन चलाया जा सकता है तथा उसे इस अधिनियम के अधीन दण्ड का भागी ठहराया जा सकता है ।

16. बंद होने की सूचना देना:-

यदि किसी भवन में जहाँ लिफ्ट या एस्केलेटर अधिष्ठापित किये गये हैं, वह कार्य नहीं करता है तो मालिक द्वारा इसकी सूचना एक माह की अवधि के भीतर निरीक्षक को दी जायेगी ।

17. जीवन विस्तार:-

परिसरों में अधिष्ठापित लिफ्ट या एस्केलेटर को उसके अधिष्ठापन के बीस वर्षों की अवधि के पश्चात मालिक द्वारा बदल दिया जायेगा। ऐसा बदलाव लिफ्ट या एस्केलेटर के अधिष्ठापन के 21वें वर्ष में पूरा कर लिया जायेगा तथा मालिक धारा-4 के अधीन नया निबंधन के लिए आवेदन करेगा ।

18. शिथिल करने की शक्ति:-

सरकार लिखित आदेश द्वारा इस अधिनियम या एतदधीन बनाये गये नियमों के किसी उपबंध को ऐसी शर्त के अध्यधीन, जो वह उचित समझे शिथिल कर सकती है ।

19. शक्तियों का प्रत्यायोजन:-

सरकार इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन प्रदत शक्तियों को किसी ऐसे पदाधिकारी को प्रत्यायोजित कर सकती है, जिसे वह उचित समझे ।

20. शास्ति:-

जो कोई इस अधिनियम या एतदधीन बनाये गये नियमों के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, तो वह दोष सिद्धि होने पर तीन माह तक का कारावास या पचास हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डनीय होगा तथा लगातार उल्लंघन करने पर प्रथम बार ऐसे उल्लंघन के लिए दोष सिद्धि के पश्चात जारी उल्लंघन के दौरान प्रतिदिन एक हजार रूपये तक का अतिरिक्त जुर्माना लगेगा ।

21. अपराध का संज्ञान:-

इस अधिनियम के अधीन नियुक्त निरीक्षक द्वारा किये गये परिवाद के अलावे कोई भी न्यायालय इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध का संज्ञान नहीं लेगा ।

22. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई का संरक्षण:-

इस अधिनियम या एतद्धान बनाये गये नियमों के उपबंधों के अनुपालन में सद्भावपूर्वक की गई या किये जाने से आशयित किसी बात के लिए किसी व्यक्ति के विरूद्ध कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं चलाई जायेंगी ।

23. नियम बनाने की शक्ति:-

1) सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियम बना सकती है;

2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किसी बात का उपबंध किया जा सकता है:-

क) लिफ्टों या एस्केलेटरों के लिए विनिर्देश;

ख) रीति, जिसमें लिफ्ट या एस्केलेटर की परिनिर्माण योजना प्रस्तुत की जाती है;

ग) रीति, लिफ्टों या एस्केलेटरों की जाँच की जाती है;

घ) लिफ्ट या एस्केलेटर के परिनिर्माण हेतु अनुमति का आवेदन प्रपत्र तथा ऐसे लिफ्ट या एस्केलेटर का कार्य करने के लिए अनुज्ञप्ति;

ड-) धारा-1 की उपधारा-(4) के अधीन भेजे जाने वाले समापन प्रतिवेदन का फारम;

च) शर्तें एवं बंधेज और निर्बंधन और फारम जिनके अध्यधीन लिफ्टों या एस्केलेटरों की अनुज्ञप्ति मंजूर की जाती है तथा ऐसी अनुज्ञप्ति के लिए भुगतान किये जाने वाले शुल्क;

छ) रीति और बंधेज जिनके अध्यधीन लिफ्ट या एस्केलेटर कार्य करेंगे;

ज) रीति, जिसमें धारा-14(2) के अधीन दुर्घटना की सूचना दी जायेगी;

झ) अपील करने का फारम एवं रीति; और

ञ) कोई अन्य मामला जो विहित किया जानेवाला हो या विहित किया जा सके;

3) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम बनाये जाने के तुरंत बाद राज्य विधानमंडल के समक्ष रखा जायेगा, जब वह सत्र में हो, यदि सदन सहमत हो जाता है कि नियम में उपांतरण किया जाय अथवा नियम बनाया ही नहीं जाय, तो नियम यथास्थिति, उपांतरित रूप में प्रभावी होगा या अप्रभावी होगा तथापि ऐसा उपांतरण या बातिलीकरण उस नियम के अधीन पूर्व में की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगा ।

24. व्यावृति:-

इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट कोई बात विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) या एतद्धीन बनाये गये नियमों के उपबंधों पर प्रभावी नहीं होगी ।

उद्देश्य एवं हेतु

लिफ्ट एवं एस्कलेटर प्रणाली का असुरक्षित अधिष्ठापन, उपयोग, रख-रखाव तथा अन्य सुरक्षा सम्बन्धी प्रावधानों की कमी के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है | इस स्थिति में इस प्रणाली के सुरक्षित अधिष्ठापन, उपयोग, रख-रखाव, आवश्यक मरम्मती एवं बदलाव तथा भारतीय मानक ब्यूरो के माप्दंतों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु इज ऑफ डुइंग बिजनेस के सिंगल विण्डो क्लियरेंस एक्ट, 2015 के तहत राज्य सरकार को लिफ्ट एवं एस्कलेटर अधिनियम की आवश्यकता है |

विधेयक का लक्ष्य इन उद्देश्यों की पूर्ति है |

रघुवर दास,
भार-साधक सदस्य ।

झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

11 अगस्त, 2017 ई०।

संख्या-वि०स०वि०-16/2017- 2453 /वि०स०-- निम्नलिखित विधेयक जो झारखण्ड विधान-सभा में दिनांक 11 अगस्त, 2017 को पुरःस्थापति हुआ था, झारखण्ड विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-68 के अन्तर्गत उद्देश्य और हेतु सहित प्रकाशित किया जाता है ।

विधेयक के भार साधक सदस्य के नाम के साथ जैसा कि विधेयक के अन्त में दिखलाया गया है और इसके बाद लकीर देकर झारखण्ड विधान-सभा के सचिव के नाम के साथ जैसा संलग्न प्रति में दिया हुआ है । प्रकाशित करें ।

ह०/-

बिनय कुमार सिंह,

प्रभारी सचिव

झारखण्ड विधान-सभा,राँची ।

[वि०स०वि०-12/2017]

"झारखण्ड आधार (लक्षित वित्तीय एवं अन्य सहायिकी, लाभ और सेवा प्रदाय) विधेयक, 2017"

सुशासन, लक्षित सहायिकी, लाभ एवं सेवा जिनके लिए राज्य की संचित निधि से सम्पूर्ण व्यय किया जाता है, प्रदान करने के कारगर, पारदर्शी उपाय तथा उनसे सम्बद्ध मामलों के लिए झारखण्ड राज्य के निवासी व्यक्ति-विशेष की एक मात्र पहचान के रूप में आधार के उपयोग हेतु प्रावधान के लिए विधेयक ।

चूँकि सुशासन, लक्षित सहायिकी, लाभ एवं सेवा जिनके लिए राज्य की संचित निधि से सम्पूर्ण व्यय किया जाता है, प्रदान करने के कारगार, पारदर्शी उपाय तथा उनसे सम्बद्ध मामलों के लिए झारखण्ड राज्य के निवासी व्यक्ति-विशेष की एक मात्र पहचान के रूप में आधार के उपयोग हेतु नियम बनाना समीचीन हो गया है, यह भारत गणतंत्र के अड़सठवें वर्ष में निम्नलिखित रूप में अधिनियमित होः-

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारम्भः-

(1) यह अधिनियम झारखण्ड आधार (लक्षित **वित्तीय** और अन्य सहायिकी, लाभ एवं सेवा प्रदाय) अधिनियम, 2017 कहलाएगा ।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में होगा ।

(3) यह उस तारीख से प्रवृत्त होगा जो राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे, और इस अधिनियम के विभिन्न उपबंधों के लिए विभिन्न तिथियाँ नियत की जा सकती है तथा इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के बाद किसी ऐसे उपबंध में दिया गया कोई निर्देश उस उपबंध के प्रारम्भ होने के निर्देश के रूप में माना जाएगा ।

2. परिभाषाएँः-

(1) जब तक कि सन्दर्भ में अन्यथा अपेक्षित नहीं हो तब तक इस अधिनियम में-

(क) ''आधार संख्या'' से अभिप्रेत है केन्द्रीय अधिनियम की धारा-3 के अधीन किसी व्यक्ति-विशेष के लिए निर्गत पहचान संख्या;

(ख)''राज्य सरकार का अभिकरण'' से अभिप्रेत है झारखण्ड राज्य में केन्द्रीय या राज्य विधि द्वारा स्थापित या गठित कोई प्राधिकार या निकाय जिसमें राज्य सरकार द्वारा स्वत्वधारी एवं नियंत्रित स्थानीय निकाय एवं कोई अन्य निकाय तथा ऐसे निकाय जिनका गठन एवं प्रशासन राज्य सरकार द्वारा प्रमुख रूप में नियंत्रित हो, शामिल है;

(ग)''अधिप्रमाणन'' से अभिप्रेत है ऐसी प्रक्रिया जिसके द्वारा किसी व्यक्ति-विशेष से संबंधित जनसांख्यिकी सूचना या बायोमेट्रिक सूचना के साथ-साथ आधार संख्या को केन्द्रीय पहचान डाटा संग्रह में इसके सत्यापन के लिए दिया जाता है और यह संग्रह उसमें उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर उसकी शुद्धता या उसकी कमी को सत्यापित करता है,

(घ)''लाभ'' से अभिप्रेत है किसी व्यक्ति-विशेष या व्यक्तियों के समूह को नगद या वस्तु के रूप में दिया गया कोई फायदा, उपहार, राहत या भुगतान तथा इसमें ऐसे अन्य फायदे भी शामिल हैं जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए जाएँ;

(ड़)''बायोमेट्रिक सूचना'' से अभिप्रेत है फोटोग्राफ, अंगुलि-छाप, आइरीस स्कैन अथवा केन्द्रीय अधिनियम द्वारा विनिर्दिष्ट व्यक्ति-विशेष के ऐसे अन्य जैविक प्रतीक;

(च) ''केन्द्रीय अधिनियम'' से अभिप्रेत है आधार (लक्षित **वित्तीय** एवं अन्य सहायिकी, लाभ एवं सेवा प्रदाय) अधिनियमय 2016 (2016 का 18)

(छ) ''केन्द्रीय पहचान डाटा संग्रह'' से अभिप्रेत है एक या अधिक स्थानों में केन्द्रीकृत डाटा आधार जिसमें व्यक्ति-विशेष की सुसंगत जनसांख्यिकी सूचना एवं बायोमेट्रिक सूचना तथा उनसे संबंधित अन्य सूचनाओं के साथ-साथ आधार संख्या धारकों को निर्गत सभी आधार संख्याएँ शामिल है;

(ज) ''राज्य की संचित निधि'' से अभिप्रेत है झारखण्ड राज्य की संचित निधि;

(झ) ''जनसांख्यिकी सूचना'' में शामिल है केन्द्रीय अधिनियम के उपबंधों के अनुसार व्यक्ति-विशेष के नाम, जन्म तिथि, पता एवं अन्य संगत सूचनाएँ किन्तु इनमें वंश, धर्म, जाति, जनजाति, विजाति, भाषा, हकदारी के अभिलेख, आय या चिकित्सा इतिहास शामिल नहीं है ।

(ञ) ''पंजीयन'' से अभिप्रेत है केन्द्रीय अधिनियम के अधीन यथा उपबंधित व्यक्ति-विशेष के लिए आधार संख्या निर्गत करने के प्रयोजनार्थ पंजीयन अभिकरणों द्वारा उनसे जनसांख्यिकी एवं बायोमेट्रिक सूचना एकत्र करने की प्रक्रिया;

(ट) ''सरकार'' या ''राज्य सरकार'' से अभिप्रेत है झारखण्ड सरकार;

(ठ) ''विहित'' से अभिप्रेत है इस अधिनियम के अधीन बनाए नियमों द्वारा विहित;

(ड) ''सेवा'' से अभिप्रेत है व्यक्ति-विशेष या व्यक्तियों के समूह को किसी रूप में दिया गया कोई प्रावधान, सुविधा, उपयोगिता या कोई अन्य सहायता तथा इसमें ऐसी अन्य सेवाएँ भी शामिल हैं जो राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जा सके;

(ढ) ''सहायिकी'' से अभिप्रेत है व्यक्ति-विशेष या व्यक्तियों के समूह को नगद या वस्तु के रूप में दिया गया कोई सहायता, समर्थन, अनुदान, आर्थिक सहायता या विनियोग तथा इसमें ऐसी अन्य सहायिकी भी शामिल हैं जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाएँ;

(2) इस अधिनियम में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों एवं अभिव्यक्तियों के अर्थ वही होंगे जो केन्द्रीय अधिनियम के अधीन उनके लिए क्रमशः समनुदेशित है ।

3. कतिपय सहायिकी, लाभ एवं सेवा आदि प्राप्त करने के लिए आधार संख्या का प्रमाण आवश्यकः-

यथास्थिति, राज्य सरकार या राज्य सरकार का कोई अभिकरण ऐसे व्यक्ति-विशेष की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ जो राज्य सरकार की संचित निधि अथवा राज्य सरकार के किसी अभिकरण द्वारा गठित कोई निधि या उसके किसी भाग से सम्पूर्ण रूप में व्यय होने वाली सहायिकी, लाभ या सेवा प्राप्त करना चाहते हैं उनके अधिप्रमाणन के लिए शर्त के रूप में अथवा प्रमाण के रूप में आधार संख्या देने की अथवा ऐसे व्यक्ति-विशेष के पास आधार संख्या नहीं रहने पर उनसे एतदर्थ पंजीयन हेतु आवेदन देने की अपेक्षा करती है ।

परन्तु जबतक किसी व्यक्ति-विशेष को आधार संख्या नहीं मिल जाती है तबतक उसे सहायिकी, लाभ या सेवा प्रदान करने के लिए पहचान हेतु वैकल्पिक एवं व्यवहार्य साधन प्रस्तुत करने का विकल्प दिया जाएगा ।

4- राज्य सरकार द्वारा स्कीमों की अधिसूचनाः-

राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रारम्भ होने की तारीख से तीन माह के भीतर एवं इसके पश्चात् समय-समय पर ऐसी स्कीमों, सहायिकियों, लाभों या सेवाओं की सूची अधिसूचित करेगी जिनके लिए धारा-3 के अनुसार ऐसा अधिप्रमाणन या प्रमाण अपेक्षित है ।

5. केन्द्रीय अधिनियम के अध्याय- III और VI का लागू होनाः-

केन्द्रीय अधिनियम के अध्याय- **III और VI** के उपबंधइस अधिनियम के अधीन अधिप्रमाणन हेतु यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे ।

6. अधिनियम का अतिरिक्त होना और किसी अन्य नियम का अल्पीकरण नहीं होनाः-

इस अधिनियम के उपबंध तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अतिरिक्त होंगे न कि उनका अल्पीकरण करने वाले होंगे ।

7. सदभावपूर्वक की गयी कार्रवाई का संरक्षणः-

इस अधिनियम या एतद्दीन बनाए गए नियमों के अधीन सदभावपूर्वक की गयी या किए जाने से आशयित किसी बात के लिए राज्य सरकार या राज्य सरकार के किसी पदाधिकारी या अन्य कर्मचारी के विरूद्ध कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं चलायी जायेंगी ।

8. नियम बनाने की शक्तिः-

(1) राज्य सरकार इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियम बना सकती है ।

(2) विशिष्टताया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किसी बात का उपबंध किया जा सकता हैः-

(क) विभिन्न सहायिकी, लाभ, सेवा एवं अन्य प्रयोजन, जिनके लिए आधार संख्या का उपयोग किया जा सके, प्रदान करने या उपलब्ध कराने के प्रयोजनार्थ आधार संख्या के उपयोग करने की रीति विनिर्दिष्ट करना;

(ख) कोई अन्य बात जो अपेक्षित हो अथवा नियमों को बनाए जाने वाले उपलबंधों के संबंध में अपेक्षित हो सके, विनिर्दिष्ट करना ।

(3) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम बनाए जाने के तुरन्त बाद राज्य विधान मंडल के समक्ष, जब वह कुल तीस दिनों की अवधि के लिए जो एक सत्र या दो या उससे अधिक उत्तरवर्ती सत्रों से पूरा हो सके, रखा जाएगा, और यदि उस सत्र के अवसान के पूर्व जिसमें वह रखा गया था अथवा उसके तुरन्त बाद आने वाले सत्र या सत्रों में राज्य विधान मंडल किसी नियम में कोई उपांतरण करने के लिए सहमत हो जाता है अथवा राज्य विधान मंडल सहमत हो जाता है कि नियम बनाया ही नहीं जाए तथा इस आशय का अपना विनिश्चय राजपत्र में अधिसूचित कर देता है तो अधिसूचना प्रकाशन की तारीख से यह नियम यथास्थिति, उपांतरित रूप में प्रभावी होगा या प्रभावी ही नहीं होगा, तथापि ऐसा उपांतरण या बातिलीकरण उस नियम के अधीन पूर्व में की गयी या करने के लिए छोड़ी गयी किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगा ।

9. कठिनाई दूर करने की शक्तिः-

(1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राज्य सरकार अवसरानुसार राजपत्र में आदेश प्रकाशित कर कुछ ऐसा उपबंध कर सकती है जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हो तथा जो कठिनाई दूर करने के प्रयोजनार्थ आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो;

परन्तु, इस अधिनियम के प्रारम्भ होने की तारीख से दो वर्ष की अवधि-अवसान के पश्चात इस प्रकार का कोई आदेश नहीं किया जाएगा ।

(2) उप-धारा-(1) के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश किए जाने के तुरन्त बाद राज्य विधान मंडल के समक्ष रखा जाएगा ।

उद्देश्य एवं हेतु

''आधार (लक्षित **वित्तीय** एवं अन्य सहायिकी, लाभ और सेवा प्रदाय) अधिनियम, 2016 पर दिनांक 25 मार्च, 2016 को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई थी । अधिनियम के अध्याय-3 की कंडिका-7 निम्नलिखित हैः-

''यथास्थिति, केन्द्र सरकार या राज्य सरकार ऐसे व्यक्ति-विशेष की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ, जो भारत की संचित निधि या उसके किसी भाग से व्यय होने वाली सहायिकी, लाभ या सेवा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके अधिप्रमाणन कराने के लिए शर्त के रूप में अथवा प्रमाण के रूप में आधार संख्या देने की अथवा ऐसे व्यक्ति-विशेष के पास आधार संख्या नहीं रहने पर उनसे एतदर्थ पंजीयन हेतु आवेदन देने की अपेक्षा करती हैः

परन्तु व्यक्ति-विशेष के पास आधार संख्या नहीं रहने पर उन्हें सहायिकी, लाभ या सेवा प्रदान करने के लिए पहचान हेतु वैकल्पिक एवं व्यवहार्य साधन प्रस्तुत करने का विकल्प दिया जाएगा ।''

सहायिकी, लाभ एवं सेवा, जिनपर झारखण्ड राज्य संचित निधि से व्यय किया जाता है, इस केन्द्रीय अधिनियम में शामिल नहीं है। इन सहायिकी, लाभ एवं सेवा में आधार के प्रयोग के लिए झारखण्ड सरकार राज्य के आवश्यकतानुसार अपना राज्य आधार विधेयक बनाना चाहती है ।

विधेयक का लक्ष्य इन उद्देश्यों की पूर्ति है ।

रघुवर दास,

भारसाधक सदस्य

झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

12 अगस्त, 2017 ई०।

संख्या-वि०स०वि०-14/2017- 2462 /वि०स०-- निम्नलिखित विधेयक जो झारखण्ड विधान-सभा में दिनांक 12 अगस्त, 2017 को पुरःस्थापति हुआ था, झारखण्ड विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-68 के अन्तर्गत उद्देश्य और हेतु सहित प्रकाशित किया जाता है ।

विधेयक के भार साधक सदस्य के नाम के साथ जैसा कि विधेयक के अन्त में दिखलाया गया है और इसके बाद लकीर देकर झारखण्ड विधान-सभा के सचिव के नाम के साथ जैसा संलग्न प्रति में दिया हुआ है। प्रकाशित करें ।

ह०/-

बिनय कुमार सिंह,

प्रभारी सचिव

झारखण्ड विधान-सभा,राँची।

[वि०स०वि०-16/2017]

झारखण्ड सरकार

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2017

बल प्रयोग, प्रलोभन या कपटपूर्ण साधन का उपयोग करते हुए एक धर्म से दूसरे धर्म में धर्मान्तरण तथा इससे जुड़े आनुषांगिक मामले के प्रतिषेध का उपबन्ध करने हेतु विधेयक ।

भारतीय गणराज्य के अड़सठवें वर्ष में झारखण्ड राज्य विधानमंडल द्वारा यह निम्नलिखित रूप में अधिनियमित हो :-

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ

(1) यह विधेयक झारखण्ड धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम, 2017 कहलायेगा ।

(2) इसका विस्तार संपूर्ण झारखण्ड राज्य में होगा ।

(3) यह निर्गत होने की तिथि से प्रवृत्त होगा ।

2. परिभाषाएँ - जबतक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित नहीं हो, तबतक इस विधेयक में :-

(क) ''प्रलोभन'' से अभिप्रेत है निम्नलिखित रूप में किसी लालच का प्रस्ताव -

(i) नगद या वस्तु के रूप में कोई उपहार या परितोषण,

(ii) कोई सामग्री लाभ, आर्थिक या अन्यथा देना,

(ख) ''धर्मान्तरण'' से अभिप्रेत है एक धर्म छोड़कर दूसरा धर्म अंगीकार करना,

(ग) ''धर्मान्तरित'' से अभिप्रेत है किसी व्यक्ति का एक धर्म छोड़ना और दूसरा धर्म अंगीकार करना,

(घ) ''बल प्रयोग'' के अन्तर्गत बल-प्रदर्शन या किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने की धमकी, जिसमें दैवी अप्रसाद या सामाजिक बहिष्कार की धमकी सम्मिलित है, शामिल होंगे,

(ड़) ''कपट'' में दुर्व्यपदेशन या कोई अन्य कपटपूर्ण उपाय सम्मिलित होगा,

(च) ''देशी आस्था'' से अभिप्रेत है ऐसा धर्म, विश्वास एवं परम्पराएँ जिनमें धार्मिक अनुष्ठान, कर्मकांड, पर्व-त्योहार, अनुसरण, प्रदर्शन, वर्जना, प्रथाएँ जैसा कि झारखण्ड में अनुसूचित

जनजाति समुदाओं के द्वारा स्वीकृत, मान्य तथा व्यवहार्य है, जब से ऐसे समुदाय जाने जाते हैं,

(छ) ''अप्राप्त वय'' से अभिप्रेत है अठारह वर्ष से कम उम्र का कोई व्यक्ति,

(ज) ''धार्मिक आस्था'' से अभिप्रेत है धर्म से जुड़ी आस्था, जिसमें देशी आस्था भी सम्मिलित है ।

3. <u>बलपूर्वक धर्मान्तरण का प्रतिषेध</u> :-

कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति को प्रत्यक्षतः या अन्यथा बलपूर्वक, प्रलोभन या किसी कपटपूर्ण साधन के द्वारा एक धर्म/धार्मिक आस्था से दूसरे में धर्मान्तरित नहीं करेगा या करने का प्रयास नहीं करेगा, न ही ऐसे धर्मान्तरण का दुष्प्रेरण करेगा ।

4. <u>धारा-3 के उपबंध के उल्लंघन के लिए दंड</u> -

धारा-3 में अन्तर्विष्ट उपबंध का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति किसी नागरिक दायित्व पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना तीन वर्षों तक कारावास अथवा पचास हजार रूपये तक जुर्माना अथवा दोनों से दंडनीय होगा,

परन्तु यदि यह अपराध अप्राप्त वय, महिला या अनुसूचित जाति या जनजाति के व्यक्ति के प्रति किया गया है तो कारावास चार वर्षों तक और जुर्माना एक लाख रूपये तक होगा ।

5. <u>धर्मान्तरण के लिए पूर्वानुमति</u> -

(1) जो कोई किसी व्यक्ति को एक धर्म/धार्मिक आस्था से दूसरे में धर्मान्तरित करने के निमित्त एक धार्मिक पुरोहित के रूप में स्वयं किसी संस्कार का आयोजन करता है अथवा ऐसे संस्कार में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर भाग लेता है, उसे ऐसे प्रस्तावित धर्मान्तरण के लिए संबंधित जिला दंडाधिकारी से नियमावली द्वारा यथाविहित प्रारूप में आवेदन देकर पूर्वानुमति लेनी होगा ।

(2) धर्मान्तरित व्यक्ति ऐसे धर्मान्तरण के तथ्यों के साथ जिस जिले में ऐसे संस्कार का आयोजन हुआ है उस जिला के जिला दंडाधिकारी को नियमों द्वारा यथाविहित अवधि के भीतर और यथाविहित प्रारूप में संसूचित करेगा ।

(3) जो कोई पर्याप्त कारण के बिना उपधारा-(1) एवं (2) के उपबंधों का अनुपालन नहीं करता है तो वह एक वर्ष तक कारावास या पाँच हजार रूपये तक जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा ।

6. <u>अपराध का संज्ञेय होना</u> :-

इस अधिनियम के अधीन किया गया कोई अपराध संज्ञेय और गैर जमानतीय होगा तथा इसका अनुसंधान पुलिस निरीक्षक से निम्न पद के अधिकारी द्वारा नहीं किया जाएगा ।

7. <u>अभियोजन की स्वीकृति</u> :-

इस अधिनियम के अधीन अपराध के लिए कोई भी अभियोजन जिला दंडाधिकारी द्वारा या उसकी पूर्व मंजूरी से ही या अनुमण्डल पदाधिकारी के पद से अन्यून पद के ऐसे पदाधिकारी, जिसे कि वह (जिला दंडाधिकारी) इस संबंध में प्राधिकृत करे, द्वारा या पूर्व मंजूरी से ही संस्थित किया जाएगा ।

8. <u>नियम बनाने की शक्ति</u> :-

राज्य सरकार इस अधिनियम के उपबंधों का कार्यान्वित करने के प्रयोजन के लिए नियम बना सकेगी ।

उद्देश्य एवं हेतु

विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचना के अनुसार राज्य में कतिपय स्थानों पर जबरदस्ती या प्रलोभन या कपटपूर्ण तरीके से आमजनों का एक धर्म से दूसरे धर्म में धर्मान्तरण किया जा रहा है। असामाजिक तथा स्वार्थी तत्वों द्वारा गॉव के गरीब, अनपढ़ एवं समाज के पिछड़े व्यक्तियों को लक्षित कर जबरन, धोखे अथवा प्रलोभन से धर्मान्तरण किये जाने से समाज में अनावश्यक तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो रही है।

अतः आम आदमी को अपने-अपने धर्म का पालन अपनी इच्छानुसार करने में पूर्ण स्वतंत्रता मिलने हेतु एवं सामान्य विधि-व्यवस्था एवं लोक शांति कायम करने के उद्देश्य से जबरन या प्रलोभन या कपटपूर्ण तरीके द्वारा धर्मान्तरण पर रोक लगाने के लिए " झारखण्ड धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2017 " को पारित किया जाना आवश्यक है ।

विधेयक का लक्ष्य इन उद्देश्यों की पूर्ति है ।

रघुवर दास,

भार-साधक सदस्य ।

झारखण्ड विधान-सभा सचिवालय

अधिसूचना

12 अगस्त 2017 ई०।

संख्या-वि०स०वि०-21/2017- 2471 /वि०स०-- निम्नलिखित विधेयक जो झारखण्ड विधान-सभा में दिनांक 12 अगस्त, 2017 को पुरःस्थापति हुआ था, झारखण्ड विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-68 के अन्तर्गत उद्देश्य और हेतु सहित प्रकाशित किया जाता है ।

विधेयक के भार साधक सदस्य के नाम के साथ जैसा कि विधेयक के अन्त में दिखलाया गया है और इसके बाद लकीर देकर झारखण्ड विधान-सभा के सचिव के नाम के साथ जैसा संलग्न प्रति में दिया हुआ है । प्रकाशित करें ।

ह०/-

बिनय कुमार सिंह,

प्रभारी सचिव

झारखण्ड विधान-सभा,राँची ।

[वि०स०वि०-14/2017]

झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन) विधेयक, 2017

झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम, 2000 में संशोधन हेतु विधेयक भारत गणतंत्र के 68वें वर्ष में झारखण्ड राज्य विधानमंडल द्वारा निम्नलिखित रूप से यह अधिनियमित हो : -

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ**

(i) यह अधिनियम 'झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2017' कहलाएगा।

(ii) इसका विस्तार सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में होगा ।

(iii) यह निर्गत किये जाने की तिथि से प्रभावी होगा ।

2. **झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम, 2000 की धारा 90 (4) का प्रतिस्थापन**

झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम, 2000 की धारा 90 (4) को निम्न रूप में प्रतिस्थापित किया जाता है :-

''झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार द्वारा घरेलु एवं गैर-घरेलु (व्यवसायिक) प्रयोजनार्थ की जानेवाली जलापूर्ति के लिए उस दर से भुगतान किया जाएगा, जो नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत संस्था द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाय ।

परन्तु यह दर, जहां तक व्यवहार्य हो, जल संकर्म (वाटर वर्क्स) संबंधी प्रबंधन, परिचालन, अनुरक्षण, मूल्यह्रास तथा ऋण शोधन एवं अन्य प्रभार, वितरण लागत, वितरण-हानि, यदि कोई हो, सहित, सभी आच्छादित होंगे ।''

उद्देश्य एवं हेतु

'झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम, 2000' की धारा 90 (4) में प्रावधानित है कि प्राधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अवस्थित भवन मालिकों को आपूर्ति की जा रही जल के विरूद्ध जलकर के रूप में 4 रू० प्रति हजार गैलेन से अधिक की दर निर्धारित नहीं की जाय ।

ज्ञात हो कि खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम, 1986 के लागू होने के समय से अबतक मुद्रास्फीति (मुल्य वृद्धि) की दर में काफी वृद्धि हुई है । अतएव 4.00/- रू० प्रति हजार गैलन की दर पर जलापूर्ति करने से खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार के आत्मनिर्भरता तथा कर्मचारियों के वेतनादि भुगतान पर प्रतिकूल असर पड़ेगा ।

इस संबंध में प्राधिकार के द्वारा सूचना दी गई है कि जलापूर्ति एवं इसके स्थापना व्यय, विद्युत ऊर्जा व्यय, पम्प, मोटरों की मरम्मति तथा पाईप लाईनों का रख-रखाव में खर्च में वृद्धि के कारण शुद्ध पेयजल एवं अन्य जल के उत्पादन लागत में अत्यधिक वृद्धि हो रही है ।

अतएव, इस स्थिति में प्राधिकार के द्वारा आपूर्ति किये जा रहे जल के लिए उत्पादन लागत अधिक है एवं इसके विरूद्ध वसूल की जानेवाली जलकर की राशि अत्यल्प है, जिससे प्राधिकार को प्रतिवर्ष आर्थिक क्षति हो रही है एवं भविष्य में निर्बाध जलापूर्ति में समस्या उत्पन्न हो सकती है ।

अतः आवश्यक है कि झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार द्वारा घरेलु एवं गैर घरेलु (व्यवसायिक) प्रयोजनार्थ की जा रही जलापूर्ति के लिए दरों को व्यवहारिक बनाने हेतु अधिनियम को संशोधित करते हुए विशिष्ट प्रावधान समाविष्ट किये जायें ।

तदनुसार उपरोक्त अधिनियम में आवश्यक संशोधन का प्रावधान किया गया है, जिसे अधिनियमित करना इस विधेयक का अभिष्ठ है ।

चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह,
भार साधक-सदस्य ।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

अधिसूचना

5 अगस्त, 2017

संख्या-4/नि०सं०-12-140/2014 का.-8753-- श्रीमती पूर्णिमा कुमारी (झा०प्र०से०, तृतीय बैच) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, महेशपुर, पाकुड़ का दिनांक 1 मार्च, 2017 से 10 अप्रैल, 2017 तक कुल 41 दिनों का उपार्जित अवकाश झारखण्ड सेवा संहिता के नियम 227, 230 एवं 248 के आलोक में स्वीकृत किया जाता है ।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,
एच० के० सुधाँशु,
सरकार के अवर सचिव।

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

अधिसूचना

11 अक्टूबर, 2017

परीक्षा कार्यक्रम

संख्या- 01-- झारखण्ड राज्य में पदस्थापित सभी राजपत्रित पदाधिकारियों की द्वितीय अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, **2017** तथा अराजपत्रित कर्मचारियों (सचिवालय संवर्ग को छोड़कर) की द्वितीय अर्द्धवार्षिक जनजातीय भाषा की परीक्षा, **2017** का आयोजन दिनांक **20 नवम्बर, 2017** से **27 नवम्बर, 2017** तक सभी प्रमण्डलीय मुख्यालयों यथा राँची, हजारीबाग, दुमका, पलामू तथा चाईबासा स्थित परीक्षा केन्द्र पर किया जाएगा । परीक्षा के सभी विषयों का समय एवं तिथि निम्नलिखित तालिका में वर्णित है :-

20.11.2017

09 बजे पूर्वाह्न

क्रमांक	विषय कोड	विषय	घंटे
1.	**02**	जनजातीय भाषा संथाली- राजपत्रित/ अराजपत्रित सेवा के लिए	**03**
2.	**03**	जनजातीय भाषा मुंडारी- राजपत्रित/ अराजपत्रित सेवा के लिए	**03**
3.	**04**	जनजातीय भाषा उराँव/ कुड़ुख-राजपत्रित/ अराजपत्रित सेवा के लिए	**03**
4.	**05**	जनजातीय भाषा हो राजपत्रित/ अराजपत्रित सेवा के लिए	**03**

21.11.2017

09 बजे पूर्वाह्न

5.	**01**	हिन्दी- सभी सेवा के पदाधिकारियों के लिए ।	**03**

02 बजे अपराह्न

6. **1106** विकास (पुस्तक रहित) - असैनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **02**

7. **1216** विधि भाग-**2 (**पुस्तक रहित) - वित्त सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **01** घंटा **30** मिनट

8. **1321** विधि पत्र-**1(**पुस्तक रहित)-भारतीय आरक्षी सेवा के पदिधिकारियों के लिए **03**

9. **1424** विधि पत्र-**1(**पुस्तक रहित)-झारखंड आरक्षी सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

10. **1736** भू-राजस्व प्रणाली (पुस्तक रहित)- वन सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

11. **1527** विधि भाग-**1-**पत्र-**1 (**पुस्तक रहित) भारतीय वन सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

12. **2046** लेखा (पुस्तक रहित)-पशुपालन सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

13. **1942** लेखा पत्र-**1 (**पुस्तक रहित)-झारखंड सूचना एवं जन सम्पर्क सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **01**घंटा **30** मिनट

14. **2972** बजट एवं संविधान (पुस्तक रहित)- सहायक एवं उप-लेखा नियंत्रक (वित्त विभाग) के लिए । **02**

15. **3074** बजट एवं संविधान तथा निर्माण लेखा (पुस्तक सहित)- अंकेक्षकों तथा वरीय अंकेक्षकों के लिए । **03**

16. **1839** विधि भाग-**1(**पुस्तक रहित)- वरीय जिला अभियोजकों के लिए । **03**

17. **2249** उत्पाद एवं दण्ड विधि (पुस्तक रहित)- निम्न स्तर- उत्पाद सेवा के पदाधिकारियों

के लिए । **03**

18. **2250** उत्पाद एवं दण्ड विधि (पुस्तक रहित)-उच्च स्तर- उत्पाद सेवा के पदाधिकारियों के लिए **03**

19. **2354** प्रक्रिया विधि एवं साक्ष्य विधि (पुस्तक रहित)-न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

20. **2456** शैक्षिक विकास (पुस्तक रहित)-झारखण्ड शिक्षा सेवा के पदाधिकारियों के लिए ।

01 घंटा **30** मिनट

21. **2559** विधि और नियमावली (पुस्तक रहित)-निबंधन सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **02**

22. **3278** सामान्य विधि (पुस्तक सहित)-सहकारिता सेवा (प्रशासनिक प्रभाग) के पदाधिकारियों के लिए **03**

23. **3486** विभागीय कार्य (पुस्तक रहित) झारखण्ड राष्ट्रीय बचत सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

22.11.2017

09 बजे पूर्वाह्न

24. **1107** विधि भाग-**1 (**पुस्तक रहित)- असैनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए ।

01 घंटा **30** मिनट

25. **2457** शिक्षा विधि (पुस्तक रहित)-झारखंड शिक्षा सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

26. **1218** लेखा भाग-**1 (**पुस्तक रहित)-वित्त सेवा तथा सहायक एवं उप-लेखा नियंत्रक के लिए । **03**

27. **2867** प्रिंसपुल ऑफ पेनोलॉजी एवं क्रिमिनोलॉजी (पुस्तक रहित)- कारा सेवा के

पदाधिकारियों के लिए । **01** घंटा **30** मिनट

28. **3075** सेवा**,** शर्तें तथा सम्बद्ध विषय (पुस्तक रहित)-अंकेक्षकों तथा वरीय अंकेक्षकों के लिए । **03**

29. **1944** पत्रकारिता सिद्धांत (पुस्तक रहित)-झारखंड सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग**,** रिपोर्टिंग एवं सम्पादन के पदाधिकारियों के लिए । **03**

30. **3793** विभागीय विधि(पु० रहित) झारखण्ड कल्याण सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **01** घंटा **30** मिनट

02 बजे अपराह्न

31. **1322** विधि पत्र-**2(**पुस्तक सहित)-भारतीय आरक्षी सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

32. **1425** विधि पत्र-**2(**पुस्तक सहित)-झारखंड आरक्षी सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

33. **2047** लेखा (पुस्तक सहित)-पशुपालन सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

34. **1943** लेखा पत्र-**2 (**पुस्तक सहित)-झारखंड सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के पदाधिकारियों के लिए । **01** घंटा **30** मिनट

35. **2251** उत्पाद नियम एवं प्रक्रिया (पुस्तक सहित)-निम्न स्तर-उत्पाद सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

36. **2252** उत्पाद नियम एवं प्रक्रिया (पुस्तक सहित)-उच्च स्तर-उत्पाद सेवा के पदाधिकारियों के लिए । **03**

